**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय सोमवार हेतु निर्धारित श्री सलिल विश्नोई, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अल्पसूचित प्रश्न-2 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 2-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि कानपुर नगर के आर्य नगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत गणेश शंकर विद्यार्थी पार्क से क्षमता को खो चुके पम्पिंग स्टेशन को प्रभावी ढंग से चालू करने हेतु गंगा बैराज से आने वाली पाइप लाइन उक्त पम्पिंग स्टेशन से जोड़ने हेतु 15वें वित्त आयोग से 1.90 करोड़ धनराशि स्वीकृत करके जल निगम को कार्यदायी संस्था बनाया गया है ? | जी हाँ।<br><br>कानपुर नगर के विधानसभा क्षेत्र आर्यनगर के अंतर्गत गणेश शंकर विद्यार्थी पार्क में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पूर्व निर्मित भूमिगत जलाशय एवं जोनल पम्पिंग स्टेशन अवस्थित है, जिसका संचालन जलकल विभाग नगर निगम, कानपुर द्वारा किया जा रहा है।<br>उक्त जोनल पम्पिंग स्टेशन को गंगा बैराज की जलापूर्ति लाइन से जोड़ने हेतु जे०एन०एन०यू०आर०एम० कार्यक्रम के अन्तर्गत फीडरमेन डाली गयी थी, उक्त योजना में तत्समय धनाभाव के कारण लगभग 250 मी0 फीडरमेन का कार्य नहीं कराया गया था।<br>गणेश शंकर विद्यार्थी पार्क में पूर्व निर्मित जलाशय से शनिदेव मंदिर तक 350 मिमी० व्यास की एम०एस० (माइल्ड स्टील) पाइप लाइन बिछाकर जोड़ने तथा भूमिगत जलाशय के जीर्णोद्धार के कार्य हेतु नगर निगम, कानपुर द्वारा 15वें वित्त आयोग से रू० 190.14 लाख की धनराशि स्वीकृत कर दिनांक 17-10-2024 को उत्तर प्रदेश जल निगम(नगरीय) को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। |
| (ख) यदि हाँ, तो सभी औपचारिकतायें पूर्ण होने के उपरान्त कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है? | जी हाँ।<br><br>उक्त भूमिगत जलाशय प्रश्नगत भूमिगत जलाशय के जीर्णोद्धार एवं फीडरमेन गैप के कार्य हेतु आवश्यक कार्य कराये जा रहे है, जिसकी अद्यावधिक प्रगति निम्नानुसार है:-<br>**<u>फीडरमेन गैप का कार्य:-</u>**<br>फीडरमेन गैप काकार्य दिनांक 23-02-2025 से प्रारम्भ करा दिया गया है। उक्त कार्य को दिनांक 25-03-2025 तक पूर्ण कराकर जनउपयोगी कराया जाना प्रस्तावित है।<br>**<u>भूमिगत जलाशय जीर्णोद्धार का कार्य:-</u>**<br>भूमिगत जलाशय के जीर्णोद्धार से संबंधित कार्य हेतु दिनांक 05-03-2025 को वित्तीय निविदा खोला जाना निर्धारित है। उक्त निविदा के निर्णय के उपरांत कार्यादेश निर्गत कर 03 माह के भीतर कार्य पूर्ण कराया जाना प्रस्तावित है। |
| (ग) यदि हाँ, तो किस तिथि को ? | उपरोक्तानुसार । |
| (घ) यदि नहीं, तो उक्त कार्य को कब तक प्रारम्भ करायेंगे ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ए.के. शर्मा**
**मंत्री**
**नगर विकास विभाग।**